TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

15 नवंबर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार



सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

आचार्य विनोबा भावे

(स्वतंत्रता सेनानी)

जन्म: 11सितम्बर 1895 मृत्यु: 15 नवंबर 1982

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org | /teachersofbihar

Teachers of Bihar
The Change Makers



शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द **15.11.2026**

वैस्कुलर डिमेंशिया

वैस्कुलर डिमेंशिया एक ऐसी मानसिक एवं तंत्रिका संबंधी अवस्था है, जिसमें मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह कम होने या बाधित होने के कारण मस्तिष्क की कोशिकाएँ प्रभावित होती हैं। इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति की स्मरण शक्ति, सोचने-समझने, निर्णय लेने, ध्यान केंद्रित करने तथा दैनिक कार्य करने की क्षमता में धीरे-धीरे कमी आने लगती है।

राकेश कुमार

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



जेनसन हुआंग ने Nvidia के CEO के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह कंपनी की मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) कोलेटी क्रेस को अंतरिम CEO बनाया गया है।

Teachers of Bihar

The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया

झारखण्ड



राज्य गठन दिवस

15 नवंम्बर

आज ही के दिन 2000 में झारखंड भारत का 28वाँ राज्य बना था।

इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी झारखंडवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएँ!

झारखंड : एक परिचय

- **राजधानी :** रांची
- **स्थापना दिवस :** 15 नवम्बर 2000
- **क्षेत्रफल :** 79,714 वर्ग किमी.
- **जनसंख्या :** लगभग 4.01 करोड़ (2011 की जनगणना)
- **भाषाएँ :** हिंदी, नागपुरी, संथाली, कुड़ुख, हो आदि

इतिहास और विशेषताएँ

- **पूर्व नाम :** बिहार का हिस्सा था, 15 नवम्बर 2000 को अलग राज्य बना।
- **प्रकृति :** पठारी क्षेत्र, घने जंगल और जलप्रपातों की भूमि।
- **प्रसिद्ध स्थल :** रांची, देवघर, दुमका, हजारीबाग, नेतरहाट, जमशेदपुर।
- **मुख्य जनजातियों :** संथाल, मुंण्डा, उरांव, हो, खड़िया आदि।

झारखंड की पहचान


जल, जंगल, जमीन की समृद्ध संस्कृात, आदिवासी परंपरा, और झूमर, छछ नृत्य जैसी लोककलाओं के लिए प्रसिद्ध।



झारखण्ड : संस्कृति, संघर्ष और विकास की धरती

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



15 नवंम्बर
जनजातीय गौरव दिवस
भगवान बिरसा मुंडा
की जयंती पर शत-शत नमन !

"धरती आबा" – जनजातीय समाज के अमर नायक

कौन थे भगवान बिरसा मुंडा ?

- भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंम्बर 1875 को वर्तमान झारखंड राज्य के उलिहातु गाँव में हुआ था।

जीवन परिचय

- वे एक महान आदिवासी नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।
- उन्होंने अपने लोगों को अंग्रेजों के अत्याचार, जमींदारी शोषण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संगठित किया।

महान योगदान

- उन्होंने 'उलगुलान' (महान विद्रोह) का नेतृत्व करके अंग्रेजी शासन को चुनौती दी।
- वे आदिवासी समाज के अधिकारों, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामाजिक समानता के प्रतीक बने।

शहादत

- अंग्रेजों के दमन के बावजूद 9 जून 1900 को राँची (झारखंड) में मात्र 25 वर्ष की आयु में शहीद हो गए।

आइए, हम सब उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और सामाजिक न्याय के लिए सदैव आगे बढ़ें !

राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

15 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ


इतिहास के पन्नों से... आज के दिन की खास बातें

15 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ


- **1830** • समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
- **1920** • जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- **1936** • नाजी जर्मनी और जापान के बीच कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- **1947** • विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
- **1949** • महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोड से और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फांसी दी गई।
- **1955** • पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- **1961** • संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
- **1988** • पी.एल.ओ. के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा फ़िलिस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र घोषित।
- **1989** • पाकिस्तान के कराची में वकार यूनुस और सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।
- **1998** • अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
- **2000** • फिजी में तख्ता पलट अवैध घोषित।
  झारखंड भारत का 28वां राज्य बना।
- **2001** • अलकायदा के ठिकाने से परमाणु बम बनाने संम्बन्धी दस्तावेज मिले।
- **2003** • तुर्की के इस्तांम्बल शहर में यहुदियों के प्रार्थना स्थल के पास हुए बम विस्फोट में 16 लोगों की मृत्यु और 150 घायल।
- **2004** • आस्ट्रेलिया के नामकरण की दो सौवीं वर्षगांठ मनी।
  अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- **2007** • धिली में 7.7 तीवता का भीषण भूकम्प आया। एरियान-5 रॉकेट ने ब्रिटेन व ब्राजील के दूरसंचार उपगहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया।
- **2008** • भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्व्वनर वाई वेणुगोपाल रेड्डी को वैश्विक वितीय प्रणाली में सुधार की जाँच के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित टास्क फोर्स में शामिल किया गया।
  योगेन्द्र मकवाल ने राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस के नाम से नई पार्टी बनाई।
- **2012** • शी जिनपिंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने।



World Health Organization







झारखंड भारत का 28वां राज्य

15 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- **1986** • ज्योति प्रकाश निराला - 'अशोक चक्र' से सम्मानित भारतीय वायु सेना के शहीद गरड़ कमांडों में से एक थे।
- **1986** • सानिया मिर्जा - प्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी।
- **1979** • सुमराई टेटे - भारत की महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम की सदस्य रही हैं।
- **1964** • पंकज चौधरी - भारत की 16वीं लोकसभा में सांसद हैं।
- **1950** • अश्विनी कुमार (पुलिस अधिकारी) - केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक थे।
- **1937** • रमेश चंद्र शाह - हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार, नाटककार, निबंधकार तथा कुशल समालोचक हैं।
- **1922** • टी. एस. मिश्रा - भारतीय राज्य असम के भूतपूर्व राज्यपाल थे।
- **1902** • एस. वी. कृष्णमूर्ति राव - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- **1875** • बिरसा मुण्डा,भारत प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक आदिवासी नेता।
- **1866** • कार्नेलिया सोराबजी - भारत की प्रथम महिला बैरिस्टर थीं।

15 नवंबर को हुए निधन

- **2021** • बाबासाहेब पुरंदरे - मराठी साहित्यकार, नाटककार तथा इतिहास लेखक थे।
- **2020** • सौमित्र चटर्जी - प्रसिद्ध बांग्ला अभिनेता थे।
- **2013** • कृपालु महाराज - मथुरा के प्रसिद्ध संत, जिन्होंने विख्यात 'प्रेम मंदिर' का निर्माण करवाया था।
- **1961** • बंकिम मुखर्जी - भारत में विधाथक निवांचित होने वाले पहले कम्युनिस्ट नेता थे।
- **1937** • जयशंकर प्रसाद - हिन्दी साहित्यकार।
- **1938** • महात्मा हंसराज - पंजाब के प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता, समाज सुधारक और शिक्षाविद।
- **1982** • विनोबा भावे, सामाजिक कार्यकर्ता।
- **1996** • आरसी प्रसाद सिंह - भारत के प्रसिद्ध कवि, कथाकार और एकांकीकार।
- **1981** • कमलाबाई होसपेट - महाराष्ट्र की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता थीं।
- **2017** • कुंवर नारायण - हिन्दी के सम्मानित कवियों में गिने जाते थे।

15 नवंबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

• राष्ट्रीय पुस्तक दिवस (सप्ताह) • नवजात शिशु दिवस (सप्ताह) • झारखंण्ड राज्य गठन दिवस



कैसे होती है स्कूबा डाइविंग, जानिए 3 बातें

1 SCUBA का पूरा नाम

Self-Contained Underwater Breathing Apparatus। इसमें हवा से भरा सिलेंडर और रेगुलेटर होता है, जिससे पानी के अंदर सांस ले सकते हैं।



2 पानी के अंदर कैसे करते हैं बातचीत?

डाइवर्स आपस में बात करने के लिए हैंड सिग्नल्स का इस्तेमाल करते हैं। इनसे 'सब ठीक है' और 'ऊपर चलना है' जैसे संदेश देते हैं।



सब ठीक है ऊपर चलना है

3 10 साल है सर्टिफिकेशन की न्यूनतम उम्र

SSI और PADI के नियमों के मुताबिक, जूनियर ओपन वॉटर डाइवर सर्टिफिकेशन के लिए न्यूनतम उम्र 10 साल है। ईरा ने 10 साल, 17 घंटे और 35 मिनट की उम्र में यह योग्यता हासिल की।



ICC CHAMPIONS OF CRICKET

TOB

खेल कॉर्नर

जब वनडे में 0 रन पर टीमों ने 3 विकेट गंवाए

टीम	Vs	मैदान	साल
पाकिस्तान	न्यूजीलैंड	एडाबेस्टल	1983
पाकिस्तान	साउथ अफ्रीका	लाहौर	1997
बांग्लादेश	श्रीलंका	पीटसैबिट्रडाबर्न	2003
ऑस्ट्रेलिया	बांग्लादेश	मीरपुर	2026
भारत	न्यूजीलैंड	माउंट माउंगागुई	2026

क्रिकेट का रोचक इतिहास!

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार



छठ विशेष

राकेश कुमार

संध्या अर्घ्य



छठ व्रत के तीसरे दिन को संध्या अर्घ्य के नाम से जाना जाता है। यह चार दिवसीय छठ महापर्व का सबसे महत्त्वपूर्ण और मुख्य दिन होता है।

इस दिन किए जाने वाले मुख्य अनुष्ठान:

निर्जला व्रत: खरना के बाद से, व्रती इस दिन **36** घंटे का कठोर निर्जला **(**बिना अन्न-जल के**)** व्रत रखती हैं।

घाट पर जाना: शाम के समय, व्रती और उनका पूरा परिवार नदी, तालाब या किसी अन्य जल निकाय के किनारे पर एकत्रित होता है, जिसे घाट कहा जाता है।

डूबते सूर्य को अर्घ्य: सूर्यास्त से ठीक पहले, व्रती जल में खड़े होकर, बांस की टोकरी में सजाए गए फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद के साथ, डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं। यह एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें डूबते सूर्य की पूजा की जाती है।

छठी मैया की पूजा: सूर्य देव के साथ-साथ छठी मैया की भी पूजा की जाती है।

व्रत कथा और गीत: शाम की पूजा के बाद, व्रती और परिवार के सदस्य घाट पर बैठकर छठ के पारंपरिक गीत गाते हैं और व्रत कथा सुनते हैं।

कोसी भराई: कई जगहों पर, घाट से लौटने के बाद, व्रती अपने घर में कोसी भरती हैं। इसके लिए गन्ने से एक मंडप बनाया जाता है, जिसमें दीये जलाए जाते हैं और प्रसाद रखा जाता है।


Teachers of Bihar
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आदिवासी समाज की संस्कृति,
संघर्ष और योगदान को नमन...
जनजातीय
गौरव दिवस
15 नवंबर
आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान
और स्वतंत्रता के प्रतीक
भगवान बिरसा मुंडा
की जयंती पर
शत-शत नमन!
आदिवासी समाज के सम्मान,
हम सबका अभिमान!
हम सबका संकल्प—
आदिवासी समाज के सम्मान
और समृद्धि के लिए।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


Teachers of Bihar
www.teachersofbihar.org
शिक्षा, समर्पण और
सकारात्मक परिवर्तन
के लिए प्रतिबद्ध...
15 नवंबर
झारखंड
राज्य स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
झारखंड
— प्रकृति, संस्कृति
और प्रगति की धरती —
Your paragraph text
आदिवासी संस्कृति, जनसंघर्ष
और समृद्ध परंपराओं की धरा
झारखंड के स्थापना दिवस पर
सभी झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ।
झारखंड की समृद्धि, खुशहाली और विकास के लिए
टीचर्स ऑफ बिहार की शुभकामनाएँ!
www.teachersofbihar.org
Madhu priya